पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–23] रुड़की, शनिवार, दिनांक 05 मार्च, 2022 ई0 (फाल्गुन 14, 1943 शक सम्वत्) [संख्या–10

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	387–406	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	99–106	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	1425
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...		

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

पर्यावरण सरंक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग

अधिसूचना

05 जनवरी, 2022 ई0

संख्या 546/XXXVIII-1-22-03(06)/2021– श्री राज्यपाल, "सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार" को निम्नानुसार विनियमित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

यह पुरस्कार विश्वविख्यात पर्यावरणविद् स्व0 सुंदरलाल बहुगुणा की स्मृति में "सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार" के नाम से जाना जायेगा, जिसके अंतर्गत प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किये गये महत्वपूर्ण योगदान, उसके प्रभाव, पर्यावरण की सुरक्षा एवं उसके समग्र सुधार के सम्बन्ध में किये गये उत्कृष्ट/सराहनीय कार्यों के लिए वर्ष 2023 से प्रति वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

पुरस्कार की श्रेणियाँ :–

सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार प्रति वर्ष 02 श्रेणियों क्रमशः सरकारी एवं गैर सरकारी में दिया जायेगा। प्रत्येक श्रेणी में 03 पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) दिये जायेंगे। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान हेतु ₹3.00 लाख, द्वितीय स्थान हेतु ₹2.00 लाख एवं तृतीय स्थान हेतु ₹1.00 लाख की नगद धनराशि के साथ ब्रहमकमल ट्राफी भी प्रदान की जायेगी।

पात्रता :–

सरकारी श्रेणी हेतु उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न सरकारी विभाग/कार्यालय/निगम/बोर्ड/अभिकरण आदि एवं गैर सरकारी क्षेत्र हेतु कोई भी व्यक्ति/निजी कम्पनी/संस्थान/सामुदायिक संगठन/स्वयं सहायता समूह/एन.जी.ओ. आदि, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से उत्कृष्ट कार्य किये गये हों एवं परिणाम परिलक्षित हुए हों, पुरस्कार हेतु पात्र होंगे। "प्रकृति एवं पर्यावरण" शब्द की व्याख्या यथा संभव व्यापक परिप्रेक्ष्य में की जाएगी।

आवेदन की प्रक्रिया :–

उक्त पुरस्कार के आमंत्रण हेतु प्रत्येक वर्ष विस्तृत प्रचार एवं प्रसार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की कुल अवधि विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की होगी। पर्याप्त प्रचार के लिए प्रमुख क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा। इस विज्ञापन को राज्य पर्यावरण, संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड की वैबसाईट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों/निगमों/बोर्डों/अभिकरणों आदि तथा कोई भी नागरिक/निजी कम्पनी/संस्थानों/सामुदायिक संगठनों/स्वयं सहायता समूहों/एन.जी.ओ. आदि जिनके द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय/उत्कृष्ट कार्य किये गये हों, "सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार" हेतु आवेदन के पात्र होंगे। स्वतः भिजवाए गए अथवा किसी अन्य के द्वारा आवेदित

आवेदनों पर भी विचार किया जाएगा। आवेदन कर्ता द्वारा आवेदन के साथ निम्नलिखित सूचनाएं भेजी जाएँगी :–

i. आवेदन कर्ता व्यक्ति/समूह (सरकारी अथवा गैर सरकारी) का नाम, पता तथा अन्य विवरण;
ii. कार्य का क्षेत्र;
iii. आवेदन कर्ता व्यक्ति/समूह द्वारा किया गया उल्लेखनीय योगदान;
iv. आवेदन कर्ता व्यक्ति/समूह द्वारा किए गए कार्यों से उत्पन्न प्रभाव अथवा संभावित प्रभाव;
v. आवेदन कर्ता व्यक्ति/समूह को पूर्व में प्रकृति एवं पर्यावरण के क्षेत्र में प्राप्त पुरस्कार, प्रशस्ति–पत्र, अनुशंसा, प्रिन्ट–मीडिया/सोशल–मीडिया में प्राप्त मान्यता संबंधी प्रमाण–पत्र आदि;
vi. आवेदन कर्ता व्यक्ति/समूह द्वारा किये गये उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य संबंधी फोटो एवं वीडियो आदि;

विज्ञापन प्रतिवर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में जारी किया जाएगा। आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु 45 दिन का समय दिया जायेगा। आवेदनकर्ता द्वारा स्वहस्ताक्षरित आवेदन, ऑफ लाईन अथवा ऑन–लाईन माध्यम से निदेशक, राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय को भेजा जायेगा।

आवेदनों का परीक्षण एवं सत्यापन :–

प्राप्त आवदनों के परीक्षण एवं सत्यापन हेतु राज्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। राज्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा प्राप्त आवेदनों का पुरस्कार हेतु निर्धारित पात्रता के आधार पर परीक्षण एवं सत्यापन करते हुए, सरकारी एवं गैर सरकारी श्रेणियों में वर्गीकरण का कार्य 15 मार्च तक सम्पन्न किया जायेगा।

सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार चयन समिति:–

राज्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं सत्यापनोपरान्त वर्गीकृत आवेदनों की सूची, कार्यों तथा उपलब्धियों का विवरण चयन समिति के समक्ष रखा जायेगा। चयन समिति निम्नानुसार होगी :–

(1) मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन – अध्यक्ष
(2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन – सदस्य
(3) प्रमुख सचिव/सचिव, पेयजल विभाग, उत्तराखण्ड शासन – सदस्य
(4) प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ), उत्तराखण्ड – सदस्य
(5) निदेशक, राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय, उत्तराखण्ड – सदस्य
(6) निदेशक, जी0बी0पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोड़ा – सदस्य

(7) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य — सदस्य
(8) राज्य सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य — सदस्य
(9) राज्य सरकार द्वारा नामित राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर के एन.जी.ओ. का प्रतिनिधि — सदस्य
(10) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, पर्यावरण विभाग, उत्तराखण्ड शासन — सदस्य–सचिव

चयन समिति की संस्तुति पर राज्य सरकार द्वारा सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार दिये जाने हेतु अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

चयन का मानदण्ड :–

पुरस्कार समिति अन्य बातों के साथ–साथ आवेदनकर्ता द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट/सराहनीय कार्यों हेतु निम्नलिखित मानदण्डों (सांकेतिक सूची) को ध्यान में रखेगी :–

(1) किये गये कार्यों को मॉडल के रूप में लागू किया जा सकता हो।
(2) संबंधित कार्य नवाचारी, सृजनात्मक, विस्तारणीय हो।
(3) किये गये कार्यों से दूरस्थ/दुर्गम क्षेत्र वासियों, महिलाओं, ग्रामीण जनसंख्या, शहरी निर्धन वर्ग, व्यापक समुदायों आदि को मूर्त लाभ पहुँच रहा हो।
(4) किये गये कार्यों/लगाए गए संसाधनों का प्रकृति एवं पारिस्थितिकी पर मूर्त प्रभाव।
(5) किये गये कार्य शैक्षिक महत्व की दृष्टि से प्रासंगिक हों।
(6) किया गया कार्य वित्तीय, परिस्थितिकीय एवं सामाजिक दृष्टि से निरन्तरता/सततता सुनिश्चित करता हो।

तथापि, पुरस्कार समिति इन मानदण्डों और उनके पास उपलब्ध किसी अन्य सम्बद्ध सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए अपना स्वतंत्र मूल्याँकन करेगी;

अगर किसी वर्ष में पुरस्कार समिति के विचार से निर्धारित मानदण्डों के अनुसार आवेदन प्राप्त नहीं होता है, तो सरकार उस वर्ष के पुरस्कार को स्थगित कर सकती है।

पुरस्कार वितरण :–

सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस–05 जून, के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने वालों की उपलब्धियों का प्रशस्ति–पत्र पढ़ा जाएगा। इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति अपने कार्यों की महत्ता व प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए सम्बोधन कर सकते हैं।

कृपया उक्तानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
अपर मुख्य सचिव।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अनुभाग–1

कार्यालय–ज्ञाप/पदोन्नति आदेश

27 दिसम्बर, 2021 ई0

संख्या 1919/XIX-1/21/16 खाद्य/2012–विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान विभाग को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, वेतनमान ₹ 56,100–1,77,500 (लेवल 10) के पद पर अस्थाई रूप से पदोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1– श्रीमती शान्ति भण्डारी

2– श्री आलोक जी

2– उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप श्रीमती शान्ति भण्डारी एवं श्री आलोक जी को सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान के पद पर 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है। संबंधित अधिकारियों के तैनाती आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

3– यह पदोन्नति उत्तराखण्ड राज्य हेतु होने वाले अन्तिम आवंटन के अधीन होगी। भारत सरकार द्वारा राज्य परामर्शी समिति की संस्तुतियों के अनुसार यदि उत्तर प्रदेश के अन्य कार्मिक उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित होते हैं, तो तद्परिणाम से वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में, इस आदेश को तत्क्रम में निर्धारित होने वाली वरिष्ठता के आधार पर यथावश्यक परिवर्तित/प्रत्यावर्तित किया जायेगा।

आज्ञा से,

भूपाल सिंह मनराल,
सचिव।

औद्योगिक विकास अनुभाग–2

अधिसूचना

30 दिसम्बर, 2021 ई0

संख्या 1674/VII-A-2/2021/28-सिडकुल/2016– औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–940/औ0वि0/07–उद्योग/2004–05, दिनांक 09/10 नवम्बर, 2004 के द्वारा निजी औद्योगिक आस्थान अधिसूचित किये जाने विषयक जारी दिशा–निर्देशो के अधीन शासनादेश संख्या–387/697/आई0डी0/2006, दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 एवं कार्यालय ज्ञाप सं0–54/औ0वि0/07–उद्योग/2004–05 दिनांक 10 मई, 2005 एवं अधिसूचना संख्या–815/VII–2/2015/28–सिडकुल/2016, दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 के क्रम में निदेशक उद्योग, उद्योग निदेशालय के प्रस्ताव, पत्रसं0–1248/उ0नि0/2019–20, दिनांक 01 जुलाई, 2019 एवं शासन के पत्र सं0– 1532/VII–A–2/2021/28–सिडकुल/2016 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 के संदर्भ में खरमासी औद्योगिक आस्थान, खरमासी–भगवन्तपुर, काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) के विस्तारीकरण हेतु चिन्हित भूमि के विनियमन/अधिसूचित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नांकित तालिका के कॉलम–2 में अंकित खसरा नम्बरों, जो आस्थान से सम्बद्ध/निरन्तरता में है, को आस्थान के विस्तार के रूप में विकसित किये जाने के प्रयोजनार्थ औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम–1976 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा 2(d) के अन्तर्गत अग्रलिखित शर्तों के अधीन अधिसूचित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

राजस्व ग्राम का नाम	ग्राम एवं खसरा नम्बर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
ग्राम–खरमासी, व भगवन्तपुर, तहसील– काशीपुर, जनपद ऊधमसिंह नगर।	खरमासी– 47 क, 48 क, 48 ख	कुल रकबा 10.521
	भगवन्तपुर–341,342,343,344,345	

1. आस्थान के नियोजित विकास हेतु कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व GIDCR-2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा (ii) तत्पश्चात् औद्योगिक आस्थान तथा आस्थान में स्थापित होने वाले औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक बिकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना अनिवार्य होगा।
2. औद्योगिक आस्थान के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी का होगा। आवंटी इकाईयों को आवंटन से पूर्व आस्थान में उपलब्ध कराये जाने वाली अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में सभी स्पष्ट सूचनायें उपलब्ध करायी जायेगी।
3. आस्थान को विकसित करने के लिये विभिन्न विभागों जैसें वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, ऊर्जा विभाग आदि से वांछित बिभिन्न स्वीकृति/अनुमति/ अनुमोदन/अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी यह प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा स्वयं पूर्ण कराई जायेंगी।
4. आस्थान में उद्योग स्थापना के उपरांत 70 प्रतिशत नियमित रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की सेल डीड/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।
5. निजी औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा महानिदेशक–उद्योग, उत्तराखण्ड द्वारा औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयों, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं करने हेतु निर्देश जारी किये जायेंगे, जिनका अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
6. प्रवर्तक कम्पनी द्वारा महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड को समय–समय पर, नियमित रूप से सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।
7. उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो, सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना निरस्त की जा सकती है।

2– उक्त अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होगी।

आज्ञा से,

अमित सिंह नेगी,
सचिव।

कार्यालय ज्ञाप

31 दिसम्बर, 2021 ई0

संख्या 1675/VII-A-2/2021/17-उद्योग/2013– चूंकि, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0–556/VII–2/2015/17–उद्योग/2013 दिनांक 28.07.2015 द्वारा लार्ज, मेगा तथा अल्ट्रा मेगा औद्योगिक इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए प्राख्यापित मेगा इण्डस्ट्रियल तथा इन्वेस्टमेंट नीति–2015, जिसमें शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1033/VII–1/17–उद्योग/2013 TC, दिनांक 22 दिसम्बर, 2016, कार्यालय ज्ञाप संख्या–358(1)/VII–1/2018/17–उद्योग/2013 TC, दिनांक 25 मई, 2018 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या–236/VII-A-2/2020/17–उद्योग/2013 दिनांक 11 जून, 2020 से समय–समय पर संशोधन भी किये गये हैं:

और चूंकि, नीतिगत कार्यों में सुगमता तथा सरलीकरण के दृष्टिगत उक्त नीति में किये गये संशोधनों को समाहित करते हुये नयी एकीकृत नीति की आवश्यकता महसूस की जा रही है:

अतः अब राज्यपाल, उपरोक्त के दृष्टिगत राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास दर में वृद्धि तथा रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु निम्नवत् नयी **"मेगा इण्डस्ट्रियल तथा इन्वेस्टमेंट नीति, 2021"** प्रख्यापित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

i. इस नीति का संक्षिप्त नाम **'मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति, 2021'** है।

ii. इस नीति के अन्तर्गत राज्य सरकार (उद्योग विभाग/सिडकुल) द्वारा विकसित सभी औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र, अधिसूचित निजी औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र/ विशेष औद्योगिक क्षेत्र, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या 50/2003–सीई दिनांक 10 जून, 2003 में Proposed Industrial Estates/Area व Expansion of the Existing Industrial Estates शीर्ष के अन्तर्गत अधिसूचित भूमि के खसरा नम्बरों अथवा मेगा प्रोजेक्ट्स के लिए विधिक रूप से अर्जित ऐसी भूमि, जिसका भू–उपयोग विनियमित क्षेत्र के अनुमोदित मास्टर प्लान में औद्योगिक या व्यवसायिक अथवा सेवा क्षेत्र की अनुमन्य गतिविधि के संचालन के लिए सम्बन्धित विनियमित क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी/विकास प्राधिकरण द्वारा भवन मानचित्र स्वीकृत किया गया हो, अथवा विनियमित क्षेत्र से बाहर (नगर निगम/महानगर पालिका/नगरपालिका क्षेत्र को छोड़कर) की भूमि, जो उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 143 सपठित उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था नियमावली, 1952 (समय–समय पर यथासंशोधित) के नियम 135 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा औद्योगिक/अकृषक घोषित की गयी हो, आच्छादित होंगे।

स्पष्टीकरण: उक्त प्रावधान मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति–2015 (यथासंशोधित)–2016, 2018 व 2020 के अन्तर्गत स्थापित हो रही ऐसी परियोजनाओं पर भी लागू होंगी, जिन्होने इस नीति के प्रवृत्त होने से पूर्व अपनी परियोजना की स्थापना के लिए एकल खिड़की की व्यवस्था के अन्तर्गत सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त कर सभी सम्बन्धित विभागों से वांछित स्वीकृतियां/निराक्षेप/अनुज्ञा प्राप्त कर उद्यम स्थापना की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी हो।

iii. इस नीति के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा विकसित/अधिसूचित औद्योगिक आस्थानों/क्षेत्रों तथा अन्य अभिज्ञात स्थलों पर स्थापित होने वाली निम्नलिखित चिन्हित विनिर्माणक तथा सेवा क्षेत्र की नयी परियोजनायें और पर्याप्त विस्तार करने वाली मौजूदा औद्योगिक इकाईयां नीति में प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों हेतु पात्र होंगी:–

(अ) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग), भारत सरकार की अधिसूचना फा.सं. 2(2)/2018-एसपीएस-दिनांक 23 अप्रैल, 2018 के अनुबन्ध–1 में निषेध सूची (Negative List) के अन्तर्गत चिन्हित निम्नलिखित उद्योगों को छोड़कर सभी एकल विनिर्माणक उद्योग।

निषेध सूची:

1. केन्द्रीय उत्पाद प्रशुल्क अधिनियम, 1985 (1986 का 5) की प्रथम अनुसूची के अध्याय 24 के अन्तर्गत आने वाले सभी सामान जो तम्बाकू तथा निर्मित तम्बाकू उत्पादों से सम्बन्धित हैं।
2. केन्द्रीय उत्पाद प्रशुल्क अधिनियम, 1985 (1986 का 5) की प्रथम अनुसूची के अध्याय 21 के अन्तर्गत आने वाले पान मसाला।

3. पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. एस.ओ. 705(ई), दिनांक 02.09.1999 तथा एस.ओ. 698 (ई), दिनांक 17.06.2003 के अन्तर्गत विशिष्ट रूप से उल्लिखित के अनुसार 20 माइक्रोन से कम की प्लास्टिक थैलियां।

4. पौधरोपण, शोधशालायें तथा 10 मेगावाट से अधिक विद्युत उत्पादन की परियोजनायें।

5. पेट्रोलियम अथवा गैस शोधशालाओं द्वारा उत्पादित केन्द्रीय उत्पाद प्रशुल्क अधिनियम, 1985 (1986 का 5) की प्रथम अनुसूची के अध्याय 27 के अन्तर्गत आने वाला सामान।

6. कोक (कैलसाइन्ड पेट्रोलियम कोक सहित), फ्लाई ऐश, सीमेंट एवं स्टील रोलिंग मिल।

7. पर्यावरण संबंधी मानकों का अनुपालन नहीं करने वाली अथवा पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अथवा राज्य पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए) अथवा संबंधित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापना तथा प्रचालन हेतु अपेक्षित सहमति नहीं लेने वाली इकाईयां।

8. गोल्ड और गोल्ड डोर को छोड़कर।

9. उच्च कीमत के पैकेजिंग तथा प्रसंस्करण को छोड़कर भण्डारण के दौरान संरक्षण, साफ–सफाई, प्रचालन, पैकिंग, रि–पैकिंग अथवा रि–लैबलिंग, छटनी, खुदरा बिक्री मूल्य में परिवर्तन आदि जैसे कम मूल्य संवर्द्धन के कार्यकलाप।

(ब) हॉस्पिटल, आयुष एवं वैलनेसः कायाकल्प रिसॉर्ट (Spa & Rejunevation Resort), आर्युवेद, योगा, पंचकर्म, नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी एवं स्पॉ, होटल, रिसॉर्ट, मोटेल, केबिल कार एवं रोप–वे, साहसिक एवं अवकाशकालीन खेलः बंजी जम्पिंग, पॉवर बोट्स, कायकिंग, जॉय राइडिंग इन चॉपर्स, सी–प्लेन, स्किल गेम पार्क।

iv. सिडकुल औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि के इच्छुक उद्यमियों को भूमि का आवंटन एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत सिडकुल की वर्तमान भूमि आवंटन नीति के आधार पर समय–समय पर निर्धारित दरों/मूल्य के अनुसार किया जायेगा।

v. इस औद्योगिक नीति के अन्तर्गत रू. 50.00 करोड़ अथवा इससे अधिक पूंजी निवेश की नई परियोजनायें एवं विद्यमान परियोजनाओं के विस्तारीकरण करने वाली इकाईयाँ सम्मिलित होगी।

vi. पूँजी निवेश के आधार पर परियोजनाओं को निम्नवत् वर्गीकृत किया जाता है:–

1. **लार्ज प्रोजेक्टस**– ऐसी लार्ज परियोजनायें, जिनमें नियत सीमा तक भूमि, अर्ह भवन तथा प्लान्ट व मशीनरी में रू. 50 करोड़ से रू. 75 करोड़ तक पूँजी निवेश प्रस्तावित हो।

2. **मेगा प्रोजेक्टस**– ऐसी मेगा परियोजनायें, जिनमें नियत सीमा तक भूमि, अर्ह भवन तथा प्लान्ट व मशीनरी में रू. 75 करोड़ से अधिक एवं रू. 200 करोड़ तक पूँजी निवेश प्रस्तावित हो।

3. **अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्टस**– ऐसी अल्ट्रा मेगा परियोजनायें, जिनमें नियत सीमा तक भूमि, अर्ह भवन तथा प्लान्ट व मशीनरी में रू. 200 करोड़ से अधिक एवं रू. 400 करोड़ तक पूँजी निवेश प्रस्तावित हो।

4. **सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स**– ऐसी सुपर अल्ट्रा मेगा परियोजनायें, जिनमें नियत सीमा तक भूमि, अर्ह भवन तथा प्लान्ट व मशीनरी में रू. 400 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश प्रस्तावित हो।

vii. **यह नीति अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी तथा दिनांक 31 मार्च, 2025 तक प्रवृत्त रहेगी और नीति की वैधता अवधि में उत्पादन प्रारम्भ करने पर नीति में प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ अनुमन्य होगा।**

स्पष्टीकरणः ऐसे उद्योग जो वर्तमान में प्रभावी नीति की मूल वैधता अवधि दिनांक 31.03.2020 से पूर्व स्थापनाधीन/विस्तारीकरण का कार्य प्रारम्भ कर चुके थे, को दिनांक 30 सितम्बर, 2022 से पहले अपना व्यवसायिक उत्पादन प्रारम्भ करना आवश्यक होगा। दिनांक 31.03.2020 के पश्चात बढ़ाई गयी वैधता अवधि अथवा नयी नीति प्राख्यापित होने तक जिन परियोजनाओं की स्थापना के लिए सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की गयी है, को नीति में प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ अर्हता के आधार पर सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी होने के दिनांक से 30 माह के भीतर उत्पादन प्रारम्भ करने पर ही अनुमन्य होगा।

viii. नीति के अन्तर्गत सिंडकुल औद्योगिक क्षेत्रों में परियोजना हेतु भूमि आवंटन में सिडकुल की वर्तमान प्रचलित दरों में निम्नवत विशेष छूट/रियायत प्रदान की जायेगीः–

1. **लार्ज प्रोजेक्टस**– सिडकुल की प्रचलित दरों पर 15 प्रतिशत की भूमि दर पर छूट।
2. **मेगा प्रोजेक्टस**– सिडकुल की प्रचलित दरों पर 25 प्रतिशत की भूमि दर पर छूट।
3. **अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्टस**– सिडकुल की प्रचलित दरों पर 30 प्रतिशत की भूमि दर पर छूट।
4. **सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स**– सिडकुल की प्रचलित दरों पर 30 प्रतिशत की भूमि दर पर छूट।

स्पष्टीकरणः नीति के अन्तर्गत पात्र गतिविधियों में सम्मिलित होटल/रिसॉर्ट की स्थापना के लिए सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधि (Commercial Activities) के लिए आरक्षित भूमि में, भूमि आवंटन पर भूमि की निर्धारित दरों में छूट का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

ix. इस नीति के अन्तर्गत सिडकुल द्वारा आवंटित भूमि के मूल्य (छूट के उपरान्त) का 20 प्रतिशत आवंटन पर तथा शेष 5 वर्ष की समान किस्तों पर निर्धारित ब्याज सहित देय होगा।

x. एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत नयी परियोजना की स्थापना अथवा विद्यमान परियोजना के विस्तारीकरण के लिए दाखिल Common Application Form (CAF) पर राज्य प्राधिकृत समिति से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त होने के तीन वर्ष के भीतर उत्पादन में न आने वाले उद्योगों को नीति में प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। यदि किसी उद्यम ने कोई रियायत/वित्तीय सहायता पूर्व में प्राप्त कर ली हो और वह निर्धारित समयावधि में उत्पादन प्रारम्भ नहीं करता, तो उसे प्राप्त वित्तीय सहायता ब्याज सहित वापस करना होगा।

xi. इस नीति के अन्तर्गत प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहन एवं छूट/रियायतें निम्नवत होंगीः–

1. **ब्याज उपादान :** नीति के अन्तर्गत स्थापित होने वाले पात्र उद्योगों को उत्पादन प्रारम्भ करने के दिनांक से आगामी 5 वर्ष तक बैंक/वित्तीय संस्थाओं से लिये गये सावधि ऋण पर देय ब्याज में निम्नवत प्रतिपूर्ति सहायता अनुमन्य होगीः–
   (क) रू. 50.00 करोड़ से अधिक तथा रू. 75.00 करोड़ तक के लार्ज प्रोजेक्ट्स पर देय ब्याज में 7 प्रतिशत, अधिकतम रू. 25 लाख प्रतिवर्ष की ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता।
   (ख) रू. 75.00 करोड़ से अधिक तथा रू. 200.00 करोड़ तक के मेगा प्रोजेक्ट्स पर देय ब्याज में 7 प्रतिशत, अधिकतम रू. 35.00 लाख प्रति वर्ष की ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता।
   (ग) रू. 200.00 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश के अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स पर देय ब्याज में 7 प्रतिशत, अधिकतम रू. 50.00 लाख प्रति वर्ष की ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता।
   (घ) रू. 400.00 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश के सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स पर देय ब्याज में 7 प्रतिशत, अधिकतम रू. 75.00 लाख प्रति वर्ष की ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता।
2. **एस.जी.एस.टी. की प्रतिपूर्तिः** स्वनिर्मित माल/वस्तु के बीटूसी विक्रय पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के समायोजन के पश्चात देय कुल शुद्ध एस.जी.एस.टी. की प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा एवं मात्रा निम्नानुसार होगीः–
   (क) लार्ज प्रोजक्टस के लिये उत्पादन तिथि से आगामी 5 वर्ष हेतु इनपुट टैक्स क्रेडिट समायोजन के पश्चात कुल शुद्ध एस.जी.एस.टी. कर देयता, जो राज्य के अन्दर ग्राहक (बी. टू सी) को विक्रय किया गया हो, का 30 प्रतिशत।
   (ख) मेगा प्रोजक्टस/अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स/सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के लिये उत्पादन तिथि से अग्रिम 5 वर्षों हेतु इनपुट टैक्स क्रेडिट समायोजन के पश्चात कुल शुद्ध एस.जी.एस.टी. कर देयता, जो राज्य के अन्दर ग्राहक (बी. टू सी) को विक्रय किया गया हो, का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति।

स्पष्टीकरणः

1. माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत जो भी कर दायित्व बनता है, से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि राजकोष में जमा की जायेगी तथा कोई भी अंश अपने पास नहीं रखा जायेगा। दाखिल विवरणी के अनुसार एवं आई0टी0सी0 के समायोजन के पश्चात कुल कर दायित्व को देखते हुए इकाई को इस योजना के प्रावधानों के अनुसार भुगतान किये गये माल एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के अन्तर्गत दिए गए ऐसे एस.जी.एस.टी. कर के भाग की प्रतिपूर्ति की जायेगी जो राज्य के अन्दर सीधे ग्राहक (बी.टू.सी) को विक्रय से सम्बन्धित हो।
2. एसजीएसटी प्रतिपूर्ति सहायता का लाभ केवल विनिर्माण उद्योगों को ही अनुमन्य होगा।

   विनिर्माणक उद्यम का अर्थ है एक औद्योगिक उपक्रम या कोई अन्य प्रतिष्ठान, जो भी नाम से जाना जाता है, किसी भी तरह से माल के निर्माण या उत्पादन में लगा हुआ है, जो उद्योगों (विकास और विनियमन अधिनियम, 1951) (1951 का 55) की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किसी भी उद्योग से सम्बन्धित है और जिसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 में विनिर्माणक उद्यम में रूप में परिभाषित किया गया हो।

3. **विद्युत बिल में प्रतिपूर्ति सहायता:** पात्र उद्यमों को उत्पादन प्रारम्भ करने की तिथि से आगामी 5 वर्ष तक देय विद्युत बिल में रू. 1.00 प्रति यूनिट की दर से नियत सीमा तक प्रतिपूर्ति सहायता अनुमन्य होगी। विद्युत प्रतिपूर्ति सहायता की अधिकतम वार्षिक सीमा निम्नानुसार होगी:–

(क) **लार्ज प्रोजेक्ट्स–** रू. 50 लाख प्रतिवर्ष।

(ख) **मेगा प्रोजेक्ट्स–** रू. 75 लाख प्रतिवर्ष।

(ग) **अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स–** रू. 1 करोड़ प्रतिवर्ष।

(घ) **सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स–** रू. 1 करोड़ 50 लाख प्रतिवर्ष।

स्पष्टीकरण: नीति के अन्तर्गत चिन्हित पात्र सेवा गतिविधियों में सम्मिलित यथा: होटल, रिसॉर्ट, रोप–वे, मोटेल, हॉस्पिटल आदि को विद्युत बिल में देय प्रतिपूर्ति सहायता का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

4. **इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी की प्रतिपूर्ति:** उत्पादन कार्य में उपभोग किये गये विद्युत बिल पर देय/भुगतान की गयी इलेक्ट्रिक डयूटी की पात्र उद्यमों को शत् प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जायेगी।
स्पष्टीकरण: नीति के अन्तर्गत चिन्हित पात्र सेवा गतिविधियों में सम्मिलित यथा: होटल, रिसॉर्ट, रोप–वे, मोटेल, हॉस्पिटल आदि को भुगतान की गयी इलेक्ट्रिक ड्यूटी पर प्रतिपूर्ति सहायता का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

5. **स्टॉम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति:** उद्यमियों को भूमि क्रय विलेख पत्र तथा लीज डीड के निष्पादन में देय स्टॉम्प शुल्क प्रभार पर 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति सहायता दी जायेगी।

6. **भूमि क्रय विलेख पत्र/लीज डीड** के निष्पादन हेतु देय/भुगतान किये गये पंजीकरण शुल्क पर प्रति रू. 1000 पर रू. 999 की दर से प्रतिपूर्ति सहायता दी जायेगी।

7. **ई0टी0पी0 पर उपादान:** उत्प्रवाह शुद्धीकरण संयंत्र (ETP) की स्थापना हेतु 30 प्रतिशत, अधिकतम रू. 50.00 लाख का पूंजीगत उपादान।

8. **बृहत रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने हेतु Payroll assistance :** Payroll assistance सहायता की अनुमन्यता हेतु लार्ज प्रोजेक्ट के लिए 50, मेगा प्रोजेक्ट के लिए 100, अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के लिए 200 तथा सुपर अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के लिए 400 लोगों को नियमित रोजगार की न्यूनतम निर्दिष्ट सीमा होगी। जिन उद्यमों में निर्दिष्ट सीमा से अधिक नियमित कर्मचारी कार्यरत होंगे, को निर्दिष्ट सीमा के अतिरिक्त नियोजित कर्मचारियों पर रू. 500/– प्रतिमाह प्रति कर्मचारी की दर से आगामी 5 वर्ष तक उपादान के रूप में पे–रॉल असिस्टेंस सहायता दी जायेगी। महिला कर्मचारियों हेतु यह दर रू. 700/– प्रतिमाह प्रति कर्मचारी होगी।

आज्ञा से,

अमित सिंह नेगी,
सचिव।

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification **No. 1675/VII-A-2/2021/17-Industry/2013,** Dated December 31, 2021.

Office Memorandum

December 31, 2021

No. 1675/VII-A-2/2021/17-Industry/2013-- Whereas, Mega Industrial and Investment Policy-2015 was promulgated vide Industrial Development Department, Govt. of Uttarakhand, office memorandum no. 556/VII-2/2015/17-Industry dated 28-07-2015 in which from time to time several amendments have been made vide office memorandum no. 1033/VII-1/17-Industry/2013 TC, dated 22nd December, 2016, office memorandum no. 358(1)/VII-1/2018/17-Industry/2013 TC, dated 25th May, 2018 and office memorandum no. 236/VII-A-2/2020/17-Industry/2013 dated 11th June, 2020;

And whereas, with a view to ease and simplification of policy actions, the need for a new integrated policy is being felt, incorporating all the amendments made in the said policy;

Now, therefore, keeping in view the aforesaid the Governor, is pleased to promulgate the following new **"Mega Industrial and Investment Policy, 2021"** to promote industrialization, increase economic growth rate and create employment opportunities in the state:-

i. This policy may be called **'the Mega Industrial and Investment Policy, 2021'.**

ii. Under this policy, all industrial estates/areas developed by the State Government (Industry Department/SIIDCUL), notified private industrial estates/areas/special industrial areas, Government of India, Ministry of Finance, Revenue Department's notification number 50/2003-CE dated 10th June, 2003 the Proposed Industrial Estate/Area and Expansion of the Existing Industrial Estates under the head of notified khasra numbers of land or such land legally acquired for mega projects, whose land use is in the approved master plan of the regulated area or the building map has been approved by the competent authority of the concerned regulated area/development authority for the permissible activity of commercial or service sector or the land outside the regulated area (except Municipal Corporation / Municipality / Municipality area) which has been declared as industrial/non-agricultural by the competent authority under section, 143 of the Uttarakhand (Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950) read with rule 135 of the Uttar Pradesh Zamindari Abolition and land reforms Rules, 1952 (as amended from time to time) shall be covered.

Explanation: The above provisions shall also be applicable for such projects being set up under Mega Industrial and Investment Policy-2015 (as amended-2016, 2018 and 2020), which have received approval from all concerned departments for the establishment of their project before the implementation of this policy, by obtaining the desired approvals/no objections/permissions, effective steps have been taken for the establishment of the enterprise.

iii. Under this policy, the following identified manufacturing and new projects of the service sector to be established in the Government industrial estates/areas and other identified sites and the existing enterprises/projects having substantial expansion will be eligible for the financial incentives provided in the policy:-

(A) All the single manufacturing industries except the following industries identified under Negative List in Annexure-I of the notification no. F.No. 2(2)/2018-SPS dated 23rd April, 2018 of the Ministry of Commerce and Industry (Department of Industrial Policy and Promotion), Government of India.

Negative List:

1. All goods falling under Chapter 24 of the First Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985 (5 of 1986) which pertains to tobacco and manufactured tobacco substitutes.
2. Pan Masala as covered under Chapter 21 of the First Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985 (5 of 1986).
3. Plastic carry bags of less than 20 micron as specified by Ministry of Environment and Forests Notification No. S.O. 705 (E) dated 02.09.1999 and S.O. 698 (E) dated 17.6.2003.
4. Plantation, Refineries and Power generating Units above 10 MW.
5. Goods falling under Chapter 27 of the First Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985 (5 of 1986) produced by Petroleum or Gas refineries.
6. Coke (including Calcined Petroleum Coke), Fly Ash, Cement, Steel Rolling Mills.
7. Units not complying with environment standards or not having applicable Environmental Clearance from M/o Environment & Forests and Climate Change or State Environmental Impact Assessments Authority (SEIAA) or not having requisite consent to establish and operate from the concerned Central Pollution Control Board/State Pollution Control Board.
8. Except Gold and Gold Dore.

9. Low value addition activities like preservation during storage, cleaning, operations, packing, repacking or re-labelling, sorting, alteration of retail sale price etc. take place excluding high value packaging and processing.

(B) **Hospital, Ayush & Wellness:** Spa & Rejuvenation Resort, Ayurveda, Yoga, Panchakarma, Naturopathy, Unani, Siddha, Homeopathy & Spa, Hotel, Resort, Motel, Cable Car & Ropeway, Adventure & Leisure Sports: Bungee Jumping, Power Boats, Kayaking, Joy Riding in Choppers, Seaplane, Skill Game Park.

iv. Allotment of land to desirous entrepreneurs in SIIDCUL industrial areas shall be done on the basis of land allotment policy of SIIDCUL under single window system at the rates/values fixed from time to time.

v. Under this industrial policy, new projects with capital investment of Rs. 50 crore or more and units for expansion of existing projects shall be included.

vi. On the basis of capital investment, projects are classified as follows:-

1. **Large Projects-** Such large projects in which capital investment is proposed to be from Rs. 50 crore to Rs. 75 crore in land, eligible building and plant & machinery up to the prescribed limit.

2. **Mega Projects-** Such mega projects, in which capital investment is proposed to be more than Rs. 75 crore and up to Rs. 200 crore in land, eligible building and plant & machinery up to the prescribed limit.

3. **Ultra Mega Projects-** Such ultra mega projects, in which capital investment is proposed to be more than Rs. 200 crore and up to Rs. 400 crore in land, eligible building and plant & machinery up to the prescribed limit.

4. **Super Ultra Mega Projects-** Such super ultra mega projects, in which capital investment is proposed to be more than Rs. 400 crore in land, eligible building and plant & machinery up to the prescribed limit.

vii. **This policy shall be effective from the date of issue of notification and shall be in force till 31st March, 2025 and the benefit of financial incentives provided in the policy shall be admissible on starting production during the validity period of the policy.**

